राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING
आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित/ISO 9001 : 2008 Certified
(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)
(An autonomous Institution under Deptt. of SE&L, Ministry of Education (MoE), Govt. of India)


फा-10-6/2022/एनआईओएस/मूल्यांकन/परि.प्र. दिनांक :19.01.2023

## अधिसूचना - 23/2023

एनआईओएस वर्ष मे दो बार अप्रैल-मई और अक्तूबर-नवम्बर माह मे अपनी निर्धारित तिथियों पर सार्वजनिक परीक्षा आयोजित करता है।

माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमो की अप्रैल 2023 के लिए एनआईओएस की अगली सार्वजनिक (सिद्धांत) परीक्षा अप्रैल 2023 के प्रथम सप्ताह से आरंभ होने की सम्भावना है। इसके लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद / आई सी एस ई / राज्य शिक्षा परिषदों / विश्वविध्यालयों से समबद्ध केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों / सरकारी / अर्धसरकारी / निजी विध्यालयों / महा विद्यालयों / मे परीक्षा केंद्र निश्चित किए जाते है।

इस संबंध मे, विद्यालयों / महा विद्यालयों के प्राचार्यो / प्रधानाचार्यो / प्रमुखों से अनुरोध है कि एनआईओएस की वैबसाइट पर परीक्षा केन्द्रों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करें। परीक्षा केंद्र पंजीकरण के लिए यूआरएल https://exams.nios.ac.in. है। परीक्षा केंद्र के लिए नियम वैबसाइट पर उपलब्ध है। केंद्र स्वीकृति प्रपत्र एवं बैंक सहमति पत्र मूल रूप से भली भाँति पूर्ण करके यथाशीघ्र राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान के संबन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को तत्काल प्रेषित किया जाए। ऑनलाइन माध्यम से आवेदन हेतु पोर्टल दिनांक 20.01.2023 से 05.02.2023 तक उपलब्ध रहेगा ।

सभी क्षेत्रीय निदेशक इसका अनुपालन करें तथा ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा केन्द्रों के लिए आवेदन करने हेतु के.वि.सं./ न.वि.सं. / एआई / विद्यालयों / महा विद्यालयों के प्राचार्यो / प्रधानाचार्यो / प्रमुखों को भी सूचित करें। क्षेत्रीय निदेशको से अनुरोध है कि वे यह अधिसूचना क्षेत्रीय केन्द्रों कि वैबसाइट पर अपलोड करें और स्थानीय समाचार पत्रो मे प्रेस विज्ञप्ति भी जारी करें।

जो विद्यालय / महा विद्यालय पहले से पंजीकृत है, वे अपना विवरण अद्यतन करते हुए (यदि कोई हो तो) इस परीक्षा के लिए अपनी सहमति प्रदान करें।

(डॉ. ममता श्रीवासतव)
निदेशक (प्रभारी)
मूल्यांकन विभाग

वितरण:

1. सभी विभागाध्यक्ष, एन आई ओ एस
2. अध्यक्ष, एन आई ओ एस के सूचनार्थ निजी सहायक (अध्यक्ष कार्यालय)
3. एसए/पी को यह अधिसूचना एन आई ओ एस की वैबसाइट पर अपलोड करने तथा परीक्षा केन्द्रों के ऑनलाइन आवेदन हेतु आवश्यक प्रबंध करने के अनुरोध के साथ
4. एन आई ओ एस के क्षेत्रीय निदेशकों को अपने क्षेत्र के सीबीएसई / आई सी एस ई / राज्य बोर्डो / विश्वविध्यालयों से समबद्ध के.वि.सं. / न.वि.सं / विध्यालयों / महाविध्यालयों / एआई के प्राचार्यो / प्रधानाचार्यो / प्रमुखों को सूचित करने के निदेश के साथ
5. उप निदेशक (गुप्त/परिणाम इकाई), के.वि.सं./न.वि.सं।/एआई
6. ईलेक्ट्रोनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया के लिए जनसम्पर्क अधिकारी
7. सूचना बोर्ड
8. गार्ड फाइल